Chapter- 11

# असम का पर्व - बिहू

## STUDY NOTES

**विषय सारांश:**

- भारत में कई त्योहार मनाए जाते है।
- इन त्योहारों में से असम का पर्व - बिहू एक है।
- एक साल में तीन बार बिहू पर्व मनाया जाता है। 'बोहाग बिहू', कार्तिक बिहू और माघ बिहू।
- बोहाग बिहू वसंत ऋतु में मनाया जाता है।
- इसदिन पशु शालाओं की लिपाई-पुताई होती है।
- लोग नाचते – गाते तथा पशुओं की पूजा करते हैं।
- नव वर्ष का आरंभ 'मानहू बिहू' के नाम से जाना जाता है।
- इस दिन लोग बच्चों को उपहार देते हैं, तथा पंचाग सुनते हैं।
- फसल की कटाई पर 'माघ बिहू' जनवरी में मनाया जाता है।
- खेतों से कटीफसल आने के बाद 'भोगाली बिहू' मनाया जाता है।
- इस अवसर पर प्रीतिभोज का आयोजन होता है।
- इस समय 'होलिका दहन' की तरह होली को जलाया जाता है।
- इसे भेजी बिहू कहा जाता है।
- बिहू पर्व जाति – भेद को भूलकर मनाया जाता है इसलिए इसे 'राष्ट्रीय एकात्मकता का पर्व' भी कहा जाता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

# अभ्यास के लिए

## मौखिक

१. **श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –**

| | |
|---|---|
| संस्कृति | कृषक |
| शुद्धिकरण | स्वागत |
| हर्ष | आयोजन |
| उपहार | उददेश्य |
| उल्लास | स्वादिष्ट |

२. **कम से कम शब्दों मे उत्तर दीजिए –**

क) पर्वों में किसकी झलक देखने को मिलती है ?

उ- पर्वों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।

ख) असम का सबसे बड़ा पर्व कौन-सा है ?

उ- असम का सबसे बड़ा पर्व बिहू है।

ग) बिहू पर्व अन्य पर्वों से भिन्न क्यों है ?

उ - बिहू पर्व अन्य पर्वों से भिन्न है क्योंकि यह वर्ष में तीन बार मनाया जाता है।

घ) असम में नववर्ष का दिन किस नाम से जाना जाता है ?

उ - असम में नववर्ष का दिन 'मानहू बिहू' के नाम से जाना जाता है।

ङ) 'मानहू बिहू' के दिन बच्चों को क्या दिया जाता है ?

उ - 'मानहू बिहू' के दिन बच्चों को उपहार दिया जाता है।

## लिखित

१. **सही (✓) या गलत (X) का चिह्न लगाइए –**

क) बिहू केरल का पर्व है। (X)

ख) बिहू वर्ष में तीन बार मनाया जाता है। (✓)

ग) बिहू पर्व पर पशुओं को बाँधा जाता है। (X)

घ) नववर्ष का पर्व मानहू बिहू । (✓)

२. **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क) भारत कैसा देश है ?

उ - भारत त्योहारों व पर्वों का देश है।

ख) बिहू पर्व वर्ष में कितनी बार मनाया जाता है ?

उ - बिहू पर्व वर्ष में तीन बार मनाया जाता है।

ग) बोहाग बिहू के दिन क्या-क्या किया जाता है ?

उ - बोहाग बिहू के दिन पशु शालाओं की लिपाई-पुताई होती है। साफ़-सफ़ाई की ओर ध्यान दिया जाता है। पशुओं की पूजा की जाती है और इन्हे एक दिन के लिए खुला छोड़ दिया जाता है। लोग नाच-गाना करते हैं।

घ) माघ बिहू कब मनाया जाता है ?

उ - माघ बिहू जनवरी में मनाया जाता है।

ङ) असमियों का मुख्य आहार क्या है।

उ - असमियों का मुख्य आहार 'चावल' है।

३. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।**

क) बिहू को किस पर्व के नाम से पुकार सकते हैं ?

उ - बिहू सामाजिक रूप से तथा पारिवारिक रूप से मनाया जाने वाला पर्व है। इस पर्व को लोग जाति-भेद भूलाकर एक साथ मनाते हैं। इस पर्व के अवसर पर ऊँच-नीच, अमीरी-गरीबी के भेद-भाव मिट जाते हैं। इसलिए इसे राष्ट्रीय-एकात्मकता का पर्व के नाम से पुकार सकते हैं।

ख) 'राष्ट्रीय एकात्मकता का पर्व' – स्पष्ट कीजिए।

उ - 'राष्ट्रीय एकात्मकता का पर्व' का शब्दिक अर्थ है – राष्ट्र को एक करनेवाला पर्व। बिहू एक ऐसा पर्व है जिसमें लोग ऊँच-नीच, अमीर-गरीब जैसे भेदभाव भुलाकर एक साथ होकर पर्व मनाते हैं। यह पर्व परिवार तथा समाज में एकता बढ़ाता है। इसलिए वास्तव में 'राष्ट्रीय एकात्मकता का पर्व' शब्द इस पर्व के लिए यथार्थ है।

ODM EDUCATIONAL GROUP changing your Tomorrow

# भाषाज्ञान

१. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

अमीर - गरीब

रात - दिन

रूचि - अरूचि

ऊँच - नीच

मीठा - खट्टा/कड़वा

आरंभ - शेष/अंत

२. **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त होनेवाली क्रियाओं को चुनकर लिखिए तथा उनके काल बताइए -**

| | | क्रिया | काल |
|---|---|---|---|
| क) | सीता गाना गारही है। | गा रही है | वर्तमान काल |
| ख) | पुलिस चोर को पकड़ लेगी। | पकड़लेगी | भविष्य काल |
| ग) | छोटू साइकिल चला रहा है। | चला रहा है | वर्तमान काल |
| घ) | मेरे पिताजी क्रोधी स्वभाव के थे। | थे | भूत काल |

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

◆◆◆